दिनांक: 24.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए सरकार और रेल प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। श्री वैष्णव ने अपने प्रदेश प्रवास के दौरान आज सुबह जयपुर हवाई अड्डे पहुंचने पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे स्टेशनों के विकास पर हमेशा जोर दिया है। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि केन्द्र सरकार सभी राज्य सरकारों के साथ समन्वय कर रेल यात्रियों और रेलवे ट्रेक की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम कर रही है।

....

श्री वैष्णव ने आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात भी की। केन्द्रीय मंत्री ने भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में भाग लिया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। श्री वैष्णव का जयपुर में गांधीनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण का भी कार्यक्रम है। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री सवाईमाधोपुर से सुमेरगंज मंडी तक ट्रेन में यात्रा कर रेलवे ट्रैक सुरक्षा प्रणाली–कवच का जायजा लेंगे और सुमेरगंज मंडी से दिल्ली तक विंडो ट्रेलिंग भी करेंगे।

....

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में किसानों और किसान संगठनों के साथ बातचीत की। बैठक के बाद श्री चौहान ने कहा कि करीब पचास किसान नेताओं ने उनसे मुलाकात की। उन्होंने किसानों के सुझाव तथा मुद्दों को सुना। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा हैं। श्री चौहान ने कहा कि किसान संगठनों ने फसलों की कीमतों तथा फसल बीमा के संबंध में अनेक सुझाव दिये।

....

राज्य सरकार ने पंजीकृत गौशालाओं में मौजूद गौवंश के लिए अनुदान में 10 प्रतिशत बढोतरी करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक अक्टूबर से रोजाना बड़े गौवंश के लिए 40 रुपये के स्थान पर 44 रुपये और छोटे गौवंश के लिए 20 रुपये के स्थान पर 22 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। गोपालन और पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि सरकार गौवंश संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। श्री कुमावत ने कहा कि गौशालाओं को मिल रहे अनुदान में बढोतरी से गौशाला प्रबंधकों को लाभ मिलेगा साथ ही गौवंश को भी सहज सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

....

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कई जागरुकता गतिविधियां, संगोष्ठी और सफाई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज भरतपुर के कैवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में सफाई की गई। उद्यान में फैले प्लास्टिक के कचरे को इकट्ठा कर उसका निस्तारण किया गया। उद्यान निदेशक मानस सिंह के नेतृत्व में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस सफाई अभियान में उद्यान के कर्मचारियों सहित रिक्शा चालक और वन्यजीव प्रेमी शामिल हुए। पाली के रानी में सरकारी स्कूल के बच्चों ने रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। जैसलमेर के गड़ीसर तालाब से हनुमान सर्किल तक स्वचछता रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। अजमेर के माखुपुरा स्थित महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रंगोली और प्रदर्शनी के माध्यम से साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरुक किया गया। अलवर के उपखंड अधिकारी प्रतीक जुईकर ने व्यवसासियों को कचरा पात्र वितरित किये।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा

सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

....